# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 01.07.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 06 मारपीट, 05 भूमि विवाद व 09 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ "वन महोत्सव सप्ताह कार्यक्रम" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय के परिसर में किया गया वृक्षारोपड़।**

पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लेने के उद्देश्य से वन महोत्सव सप्ताह जो 01 जुलाई 2024 से 08 जुलाई 2024 तक मनाने तथा 2024-25 में गृह विभागों को 07.00 लाख पौध के रोपण के लक्ष्य को पूरा करने हेतु जनपद सिद्धार्थनगर हेतु निर्धारित लक्ष्य 6020 पौधों के रोपण हेतु वन महोत्सव कार्यक्रम के क्रम में आज दिनांक 01.07.2024 को वृहद पौधा रोपण अभियान के तहत पुलिस कार्यालय सिद्धार्थनगर में सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर एवं सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा 6020 पौधों के रोपण हेतु थाना/शाखा/इकाईवार आवंटन कर विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किया गया। महोदय द्वारा समस्त प्राणी जगत के जीवन में वृक्षो के महत्व के बारे में संदेश देते हुए समस्त पुलिस कर्मचारियों के साथ आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर संपूर्ण विश्व को सुरक्षित बनाए रखने लिए प्रेरित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सेवानिवृत्त हुए 04 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा “पुलिस कार्यालय” में की गयी ससम्मान विदाई।**

दिनांक 30.06.2024 को जनपद सिद्धार्थनगर से 04 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर आज दिनांक 01.07.2024 को "पुलिस कार्यालय" में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिस उपाधीक्षक/अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा ससम्मान विदाई की गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को माला पहनाकर,प्रशस्ति-पत्र शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी। महोदय ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये सम्मानपूर्वक विदाई की गयी ।

**सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों का नाम-**

01.पुलिस उपाधीक्षक जयराम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय आंकिक सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0ना0पु0 राघव प्रसाद यादव ,थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।
03.उ0नि0ना0पु0 अनिल कुमार सिंह राणा ,पुलिस लाइन जनपद सिद्धार्थनगर।
04.लीडिंग फायरमैन राम सिंगार, फायर स्टेशन नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस-नोट दिनांक-01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆अपहरण का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना लोटन पुलिस को मिली बडी सफलता।

◆गिरफ्तार वांछित अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण, अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन व अरविन्द कुमार मौर्या प्रभारी निरीक्षक लोटन के नेतृत्व में आज दिनांक 01.07.2024 को थाना लोटन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 84/2024 धारा 363,366 भा0द0वि0 से सम्बन्धित 01 वान्छित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.अबू फैजान पुत्र अहमद अली साकिन सिहवरा थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 शैलेन्द्र यादव थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

03.म0का0 किरन यादव थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆ **जनपदीय पुलिस द्वारा आज दिनांक 1 जुलाई 2024 को लागू हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के तहत नये प्रावधानों को सामान्यजन तक पहुंचाने के लिए प्रबुद्ध/ संभ्रांत व्यक्तियों/स्थानीय पत्रकारों के साथ मीटिंग कर दी गई जानकारी ।**

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आज दिनांक 1 जुलाई 2024 को लागू हुए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के तहत नये प्रावधानों को सामान्यजन तक पहुंचाने के लिए प्रबुद्ध/ संभ्रांत व्यक्तियों/स्थानीय पत्रकारों के साथ मीटिंग कर दी गई जानकारी । जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में पम्पलेट वितरण तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रो के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ।**

**प्रेस नोट- दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆ **पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उपनिरीक्षक के पद से निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुए उपनिरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव को रैंक/स्टार लगाया गया एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।**

**आज दिनांक 01-07-2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय से उप-निरीक्षक पद से निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए थाना बांसी पर तैनात उपनिरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव को रैंक/स्टार लगाया गया एवं क्षेत्र में पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी व सच्चे लगन से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया ।**

## प्रेस नोट- दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर।

### ◆चोरी की 02 मोटर साइकिल व प्रतिबन्धित नशीली दवा के साथ 01 अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे।

### ◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

### ◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश/निर्देश के क्रम में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन अरुणकान्त सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक 30.06.2024 को संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु एवम् वाहन चेकिंग दौरान झण्डेनगर तिराहा के पास दिलशाद पुत्र रमजान अली निवासी वर्डपुर नं0 11 टोला पिछौरा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को मादक दवा अल्फ्राजोलम प्रतिबंधित दवा के 10 पत्तों में कुल 500 टैबलेट्स वजन 65 ग्राम व चोरी की दो अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 120/2024 धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट व 411 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आज दिनांक 01.07.2024 को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

#### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01.दिलशाद पुत्र रमजान अली निवासी वर्डपुर नं0 11 टोला पिछौरा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

#### बरामदगी का विवरण-

01.10 पत्तों में कुल 500 टैबलेट नशीली प्रतिबन्धित दवा अल्फ्राजोलम टैबलेट आईपी, वजन 65 ग्राम।
02.दो अदद चोरी की मोटरसाइकिल क्रमशः पैशन प्रो रजि0 नं0 UP55U2945 व बजाज पल्सर रजि0 नं0 MH01AY5438।

#### अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1.मु0अ0सं0 73/21 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
2. मु0अ0सं0 75/21 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
3. मु0अ0सं0 76/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
4. मु0अ0सं0 113/21 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
5.मु0अ0सं0 114/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
6.मु0अ0सं0 230/20 धारा 379/41/411 भा0द0वि0 थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
7. मु0अ0सं0 231/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।
8. . मु0अ0सं0 120/24 धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट व 411 भा0द0वि0 थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

**9. मु0अ0सं0 88/24 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02. उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र प्रभारी चौकी नौगढ़ थाना व जिला सिद्धार्थनगर।**

**03.हे0का0 दिनेश कुमार यादव, दहारी यादव थाना व जिला सिद्धार्थनगर।**

**04. का0 शशि कुमार राम, अंकुर राय थाना सिद्धार्थनगर, जनपद सिद्धार्थनगर।**

**संशोधित प्रेस नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆ चोरी के आरोपी 02 नफर वांछित अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार ।

◆थाना ढेबरुआ पुलिस को मिली सफलता।

◆ गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध" चलाये जा रहे अभियान के तहत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में थानाध्यक्ष ढेबरुआ के नेतृत्व में थाना ढेबरुआ पुलिस द्वारा आज दिनांक 01.07.2024 को मु0अ0सं0- 103/2024 धारा 457,380 भा0द0वि0 से संबंधित 02 अभियुक्तगण को मुड़िला क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

बरामदगी का विवरण-

01.एक एंड्राइड मोबाइल

02.एक आधार कार्ड वादी का

03. एक गैस सिलेंडर

04.कुल ₹12500 नकद

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

02.विजय जायसवाल पुत्र गोविन्द प्रसाद जयसवाल निवासी मुडिला वार्ड न0 02 नगर पंचायत बढनी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

02. अमन पुत्र राजू कुमार निवासी वार्ड न0 01 अम्बेडकर नगर (मुडिला ) थाना ढेबरुआ सिद्धार्थनगर।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

01.विजय जायसवाल पुत्र गोविन्द प्रसाद जयसवाल निवासी मुडिला वार्ड न0 02 नगर पंचायत बढनी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर ।

1.मु0अ0स0 103 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना ढेबरुआ सि0 नगर

2.मु0अ0स0 78/24 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना त्रिलोपुर जनपद सिद्धार्थनगर

3.मु0अ0स0 63/24 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर

4.मु0अ0स0 59/24 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर

02. अमन पुत्र राजू कुमार निवासी वार्ड न0 01 अम्बेडकर नगर (मुडिला ) थाना ढेबरुआ सिद्धार्थनगर।

1. मु0अ0स0 103 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना ढेबरुआ सि0 नगर

2. मु0अ0स0 63/24 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर

3. मु0अ0स0 59/24 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर

4. मु0अ0स0 78/24 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना त्रिलोपुर जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**1.उ0नि0 सभाशंकर यादव थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।**

**2.हे0का0 धर्मेन्द्र  मौर्या, राकेश कुमार, सतीश कुमार गुप्ता थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थगर।**

**3.का0 राजू प्रसाद थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थगर।**

## प्रेस नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रवणमास के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 01.07.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आगामी त्यौहार मोहर्रम तथा श्रवणमास के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्चाधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया।**

## प्रेस नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समय माता पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रवणमास के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कठेला समय माता द्वारा आज दिनांक 01.07.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आगामी त्यौहार मोहर्रम तथा श्रवणमास के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्चाधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया।**

## प्रेस-नोट दिनांक 01.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावणमास तथा जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 01-07-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावणमास के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।